

विकास कार्यों में इंजीनियर की भूमिका महत्वपूर्ण- कलेक्टर

अभियंता की पहचान उसके कार्य से होती है - जि पं सीईओ

गुणवत्ता के साथ हो निर्माण कार्य - एसपी

अभियंता चौराहे पर मनाया गया अभियंता दिवस

अभियंता दिवस समारोह

जगदलपुर, 15 सितम्बर (सन्यूस)। स्थानीय लालबाग मैदान के पास स्थित अभियंता चौराहे पर बस्तर इंजीनियर एसोसिएशन के द्वारा अभियंता दिवस सोशल डिस्टेंसिंग के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर रजत बंसल और एसपी दीपक झा साइकिल से ही पहुंचे और भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की मूर्ति पर अतिथियों के द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथि के रूप में कलेक्टर रजत बंसल, एसपी दीपक कुमार झा और जिला पंचायत के सीईओ इंद्रजीत चंद्रावल उपस्थित थे। यह संयोग है कि तीनों ही प्रशासनिक अधिकारी इंजीनियर हैं। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर रजत बंसल ने कहा कि इंजीनियर हर प्रकार की व्यवस्था के भाग है। व्यवस्था के विकास करने वाले तथा विकास कार्यों को गति देने में इंजीनियर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

कलेक्टर ने वैज्ञानिक और निर्माता के रूप में देश की सेवा में अपना जीवन समर्पित करने वाले भारत रत्न सर मोक्षगुण्डम विश्वेश्वरय्या ही जयंती को नमन करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी इंजीनियरों को अभियंता दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने कहा कि अभियंता दिवस मनाना जरूरी है ताकि इंजीनियरों को अपने कार्यो के लिए गर्व की भावना दिया जा सके। आगे उन्होंने कहा कि कोरोना काल में प्रशासन की हर जरूरत को किसी भी समय पर आदेश करने पर अभियंता लोगों ने आगे आकर कार्य किया। जिससे जिले में कोविड-19 हेतु प्रशासन द्वारा इलाज की सुविधाओं का विकास कर पाया है।

कार्यक्रम में कलेक्टर रजत बंसल ने बताया कि वे स्वयं इंजीनियर छात्र रहे साथ ही जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक झा और सीईओ जिपं इंद्रजीत चंद्रवाल भी इंजीनियरिंग छात्र रहे हैं। उन्होंने सभी अभियंताओं से कहा कि पढ़ाई के समय जुगाड़ से कई अविष्कार करते हैं। उसी तरह का उपयोग वर्तमान में भी करते हुए यह ध्यान देना चाहिए कि शासन का पैसा किस तरह से बचाया जाए और जो भी निर्माण कार्य हो रहा है। उसका अधिक से अधिक लाभ आम लोगों को मिल पाए। उन्होंने अभियंताओं से अपील किया है कि बस्तर क्षेत्र से बहुत कम विद्यार्थी इंजीनियरिंग के क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। बस्तर के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा मिले इस दिशा में भी अभियंताओं को प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सेंट्रल लाइब्रेरी में विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कंप्यूटर प्रदान करने व अच्छी पुस्तकों की व्यवस्था करने में सहयोग करने की अपील करते हुए व विद्यार्थियों को अच्छे शिक्षण संस्थान में प्रवेश दिलाने के लिए कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से मार्गदर्शन देने की बात भी कही।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने भी अभियंताओं को अभियंता दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है और अभियंता अपने दायित्व को निभाते हुए समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें।

सीईओ जिपं इंद्रजीत चंद्रवाल ने कहां की प्रशासनिक अधिकारी पुलिस अधिकारी एवं अन्य कई विभाग के अधिकारियों की विशेष पहचान उनकी वेशभूषा से होती हैए लेकिन इंजीनियर का कोई विशेष पहचान नहीं होता। क्योंकि अभियंता की पहचान उसके कार्य से ही होता है और इसका सदैव ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने बस्तर जिला इंजीनियर एसोसिएशन के द्वारा अभियंता दिवस मनाए जाने पर प्रसन्नता जाहिर की। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अभियंता पी.डी. साय एवं अन्य निर्माण विभागों के प्रमुख अभियंता व सहायक अभियंता सहित जिले के अन्य इंजीनियर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग से एसडीओ प्रज्ञानंद ने धन्यवाद ज्ञापन एसडीओ श्री बत्रा ने प्रस्तुत किया।

महारानी अस्पताल के प्रति आम लोगों की आस्था और विश्वास को कायम रखें-बंसल

मेकाज के अनेक विभाग महारानी अस्पताल में होगें शिफ्ट

कलेक्टर ने समीक्षा बैठक लेकर डॉक्टरों को दिए निर्देश

जगदलपुर, 15 सितम्बर (सन्यूस)। कलेक्टर रजत बंसल ने महारानी अस्पताल को पूरे बस्तर संभाग का सबसे पुराने एवं महत्वपूर्ण अस्पताल बताते हुए अस्पताल में कार्यरत् डॉक्टरों को यहां आने वाले मरीजों का उचित इलाज कर इस अस्पताल के प्रति आम लोगों के आस्था और विश्वास को कायम रखने को कहा है। उन्होंने कहा कि महारानी अस्पताल शुरू से ही बस्तर संभाग में स्वास्थ्य सुविधाओं का महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है। यहां पर ज्यादातर समाज के निम्न एवं मध्यम तबके लोग इलाज कराने आते हैं। इसलिए हम सभी का कर्तव्य बनाता है कि हम उनका उचित इलाज एवं उन्हें जरूरी सुविधाएं प्रदान कराएं। कलेक्टर श्री बंसल आज 15 सितम्बर को समीक्षा बैठक लेकर महारानी अस्पताल के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी इन्द्रजीत चन्द्रवाल, सहायक कलेक्टर सुश्री रेना जमील, अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ. प्रसाद सहित सभी चिकित्सक एवं अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल में मरीजों की उचित इलाज एवं जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने हेतु फंड की किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में डॉक्टरों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी चिकित्सकों को पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। कलेक्टर ने बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन नहीं करने वाले तथा लापरवाह डॉक्टरों एवं अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की बढ़ते संख्या को देखते हुए आवश्यकता अनुसार शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के विभिन्न विभागों को कोरोना काल तक के लिए महारानी अस्पताल में शिप्ट किया जाएगा। श्री बंसल ने महारानी अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की ड्यूटी रोटेशन के आधार पर शासकीय मेडिकल कॉलेज के कोविड अस्पताल में लगाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने महारानी अस्पताल के सभी विभागों के कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की। उन्होंने प्रभारी अस्पताल अधीक्षक को समय-समय पर अस्पताल के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की बैठक लेकर उनकी समस्याओं का निराकरण करने तथा उनका कुषलक्षेम की जानकारी लेने को कहा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और व्यक्तित्व पर वेबीनार का आयोजन

लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्रध्येय श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन
के अवसर पर सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत 15 एवं 16 सितंबर को
प्रधानमंत्री जी के जीवन और व्यक्तित्व ... जित विधानसभा स्तरीय वेबीनार एवं फेसबुक
भारतीय जनता पार्टी - ब

जगदलपुर, 15 सितम्बर (सन्यूस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और व्यक्तित्व पर वेबीनार का आयोजन मंगलवार को चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत किया गया। यह आयोजन डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से गो टु मीटिंग पर किया गया। चित्रकूट विधानसभा के इस वेबीनार के आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व सांसद दिनेश कश्यप एवं वक्ता के रूप में लच्छू राम कश्यप उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में अध्यक्षीय भाषण रूप सिंह मंडावी जिला अध्यक्ष बस्तर भारतीय जनता पार्टी ने दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने कहा कि प्रधानमंत्री के 70 वें जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा द्वारा सेवा सप्ताह का कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न कार्यक्रम संपन्न होने हैं। उसी के तारतम्य में आज चित्रकूट विधानसभा के वेबीनार कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है। मोदी के जीवन एवं उनके व्यक्तित्व पर वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला जाएगा।

कार्यक्रम में प्रस्तावना देने हेतु पूर्व विधायक लछुराम कश्यप ने कहा कि मोदी के मुख्यमंत्री का कार्यकाल एवं दो बार लगातार प्रधानमंत्री के कार्यकाल को पूरा देश पूरे विश्व ने देखा है। हमें अपने प्रधानमंत्री पर गर्व करना चााहिऐ। देश मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है।

मुख्य वक्ता पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने कहा कि 14 सितंबर से 20 सितंबर तक सेवा सप्ताह के रूप में हम मना रहे हैं। जिसमें ब्लड डोनेशन, वृक्षारोपण, चश्मा वितरण एट्राई साइकिल वितरण अनेकों ऐसे कार्यक्रम होने वाले हैं। 20 सितंबर से 25 सितंबर तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक गांधी जी की जयंती पर कार्यक्रम की जाने हैं। हमें सभी कार्यक्रम जनता जनार्दन के बीच में जाकर करना है। दिनेश कश्यप ने कहा कि पहले हम जनसंघ और आज भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ता है और इसी पार्टी में हम काम करते आये है।

मोदी गुजरात के तीन बार मुख्यमंत्री रहे। बाल्यकाल से ही होनहार विद्यार्थी रहे हैं। देश के लिए लड़ने व सेवा देने के लिए लगातार लगे हुए थे। पूरे देश को गर्व है कि आज मोदी प्रधानमंत्री के रूप में विद्यमान है। 2014 चुनाव के बाद देश को एक मजबूत प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी मिले जो आज पूरा विश्व उन्हें मानता है। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से सेवा सप्ताह के संभागीय प्रभारी प्रदेश मंत्री किरण देव उपस्थित थे। साथ ही पूर्व मंत्री केदार कश्यप, पूर्व विधायक संतोष बाफना, कमल चंद भंजदेव, योगेंद्र पांडे, नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बाजपेई, वेद प्रकाश पांडे, विजय पांडे सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह ने किया। कार्यक्रम का आभार डॉ. बसंत कश्यप ने किया। इस कार्यक्रम के प्रभारी मनीष पारख, डॉ. बसंत कश्यप थे।

आज स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

जगदलपुर, 15 सितम्बर (सन्यूस)। स्वैच्छिक दिवस तक रक्तदान पखवाड़ा के अन्तर्गत रेडक्रॉस सोसायटी एवं यूवोदय टीम के संयुक्त तत्वावधान में कल 16 सितम्बर को वीर सावरकर कम्युनिटी हॉल जगदलपुर में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। स्वैच्छिक रक्तदान के लिए इच्छुक लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करने की अपील की गई है।

अस्पताल पहुंचने से पहले ही कोरोना संक्रमित महिला ने तोड़ा दम

जगदलपुर, 15 सितम्बर (सन्यूस)। शहर की एक महिला को मंगलवार की सुबह तबियत खराब होने की शिकायत के बाद परिजनों ने महारानी अस्पताल पहुंचाया लेकिन उक्त महिला ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। मौत के बाद महिला की रैपिड एंटीजन टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव मिली है जिसकी पुष्टि महारानी अस्पताल के डॉ संजय प्रसाद ने की है।

मिली जानकारी के अनुसार तबियत ज्यादा खराब होने की शिकायत के बाद 50 वर्षीया एक महिला को उसके परिजनों ने महारानी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने जांच करते हुए महिला को मृत घोषित कर दिया। तत्पश्चात चिकित्सकों ने कोरोना संक्रमण से बचाव तथा रोकथाम के लिए मृतका का रैपिड एंटीजन टेस्ट के लिए सैंपल लिया जिसमें मृतिका की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई। रिपोर्ट आते ही चिकित्सकों ने इसकी जानकारी पुलिस को देते हुए महिला के शव को आवश्यक कार्रवाई के लिए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रवाना कर दिया है।

कलेक्टोरेट स्थित सांख्यिकी विभाग सील

बस्तर में कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। पुलिस, तहसील कार्यालय, जिला कार्यालय सभी जगह कोरोना पॉजिटीव मरीज मिल रहे हैं। कल बैंक कर्मचारी कोरोना पॉजिटीव मिलने के बाद स्टैट बैंक की दो शाखा को सील कर दिया गया है। 15 सितम्बर को सांख्यिकी विभाग के तीन कर्मचारी कोरोना पॉजिटीव निकलने के बाद इसे भी सील कर दिया गया है।

होम आइसोलेट दंपत्ति को नहीं मिली मदद

महारानी अस्पताल में पदस्थ एक महिला कर्मचारी की बीते दिनों रैपिड एंटीजन टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव मिली थी। पति का भी कोरोना टेस्ट के लिए सैंपल लिया जिसमें महिला के पति की भी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उन्हें होम आइसलेट कर दिया है। कुछ दिनों बाद दम्पति के दो मासूम बच्चों की तबियत खराब होने लगी जिसके बाद दम्पति ने स्वास्थ्य विभाग की टीम से मदद की गुहार लगाई लेकिन दम्पति को अभी तक स्वास्थ्य विभाग की टीम की तरफ से कोई मदद नही मिली है। पीड़ित महिला ने बताया कि उनकी बीते 8 सितंबर को उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी जिसके बाद उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को जानकारी देने के बाद भी ना तो उन्हें किसी ने दवाई दिया और ना ही बच्चे का टेस्ट करने के लिए गई, घर को भी सेनेटाइज नही किया गया।

खोली गई स्टेट बैंक की मुख्य शाखा

◆ कुछ कक्षो के शटर रहे बंद

जगदलपुर, 15 सितम्बर (सन्यूस)। स्टेट बैंक मुख्य ब्रांच के साथ दो शाखाओं में 6 क्रोनर संक्रमित पाए जाने के बाद सोमवार को मुख्य ब्रांच के मेन गेट पर ताला जड़ दिया गया था जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा लेकिन मंगलवार को मुख्य शाखा उपभोक्ताओं के लिए खोल दी गई लेकिन एटीएम एटीपी व प्रिंटिंग कक्ष का शटर आज भी गिरा रहा जिसके चलते उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बस्तर में कोरोना का संक्रमण तेजी से बढ़ता जा रहा है अन्य विभागों के कार्यालयों के साथी अब यह संक्रमण बैंक तक पहुंच चुका है सोमवार को भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के साथ अन्य दो शाखाओं में छह करो ना संक्रमित पाए गए इन कर्मचारियों की एंटीजन टेस्ट पॉजिटिव आई है इस जांच में एसबीआई मुख्य शाखा और प्रतापगंज पारा में स्थित ठाकुर रोड शाखा को पूरी तरह से सील कर दिया गया था। सैनिटाइजेशन के बाद इन शाखाओं को मंगलवार को उपभोक्ताओं के लिए खोल दिया गया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्टेट बैंक के तीनों शाखाओं के लगभग 45 कर्मचारियों का कोरोना संक्रमण जांच की गई।

कोरोना संकट के बीच भ्रम फैलाने वालो पर होगी कानूनी कार्रवाई-आईजी

जगदलपुर, 15 सितम्बर (सन्यूस)। कोरोना महामारी संक्रमण की रोकथाम प्रयासों के विपरीत जनता को दिग्भ्रमित करके उनकी स्वास्थ्य को खतरा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जावेगी। आदीवासी दिवस पर सुरक्षा बलों द्वारा बल प्रयोग करने का झूठा आरोप लगाते हुए लोगों में भ्रम फैलाने का काम किया जा रहा है।

पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी ने बताया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा 13 सितम्बर को जिला दन्तेवाड़ा में सुरक्षाबल द्वारा विश्व आदिवासी अधिकार दिवस पर रैली करने वाले ग्रामीणों के ऊपर बल प्रयोग किये जाने का झूठा आरोप लगाते हुए लोगों में भ्रम फैलाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 12 सितम्बर को जेल बंदी रिहाई मंच जिला दन्तेवाड़ा की ओर से जिला मुख्यालय दन्तेवाड़ा में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं रैली हेतु जिला प्रशासन को एक अस्पष्ट आवेदन दिये गये थे। वर्तमान में कोरोना महामारी की परिस्थिति को ध्यान में रखते हुये आयोजक को रैली न करने की प्रशासन द्वारा समझाईश दी गई, इसके बावजूद दिनांक 13 सितम्बर को दन्तेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा के सीमावर्ती क्षेत्र के कुछ ग्रामीणों आयोजक द्वारा प्रचारित उक्त रैली में शामिल होने आ रहे थे। कोरोना महामारी संक्रमण रोकथाम हेतु पालन की जा रही प्रोटोकाल के अनुसार उन ग्रामीणों को समझाईश दी जाकर उन्हें वापस अपना-अपना गांव भेजा गया। ग्रामीणों के ऊपर बल प्रयोग की जाने के संबंध में प्रचारित की जा रही खबर झूठा और निराधार है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी संक्रमण की रोकथाम प्रयासों के विपरीत जनता को दिग्भ्रमित करके उनकी स्वास्थ्य को खतरा उत्पन्न करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
शादी से घबराहट, गुप्तरोग, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, कमजोरी, नपुंसकता, टेढ़ापन का मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र
5 दिनों में सम्पूर्ण ईलाज गारंटी के साथ शर्तियां इलाज
संपर्क- डॉ. अहमद
www.drahmed.co.in
जे.जे. हॉस्पिटल रविशंकर शुक्ला मार्केट, पावर हाऊस, बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन सुबह 9 से शाम 5 बजे, रविवार 9 से 2 बजे तक
फोन -0788-2296252, 9098889899
मिलते-जुलते नामों से सावधान। इसकी कोई अन्य शाखा नहीं हे।

आवश्यकता है
दण्डकारण्य समाचार कार्यालय में एक कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। अखबार का काम जानने वाले, मध्यरात्रि तक कार्य करने में सक्षम सक्रिय प्रत्याशी ही आवेदन करें।
वेतन योग्यतानुसार
संपर्क समय
दोपहर-01 से 02 बजे तक
शाम- 5.30 से 6.30 बजे तक
प्रबंधक
दण्डकारण्य समाचार
वृन्दावन बाग, जगदलपुर

मुद्रक व प्रकाशक तुषार कांति बोस द्वारा मालिक तुषार कांति बोस के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : संपादक - श्रीमती मणिकुंतला बोस
कार्यकारी संपादक - विश्वरूप बोस Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Raipur Office : Aashirwad Bhavan, Ram Mandir Road, Byron Bazar, Raipur - 492001 (C.G.)